रात में सिहरन बरकरार, न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट के आसार



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने के कारण मध्य प्रदेश का मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है। आसमान साफ बना रहने और उत्तर भारत की तरफ से आ रही शीतल हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट होने लगी है।

इसी क्रम में सोमवार को प्रदेश में रात का सबसे कम 10.4 डिग्री सेल्सियस तापमान कटनी में दर्ज किया गया। इसी तरह सोमवार को दिन का सबसे अधिक 34.1 डिग्री सेल्सियस तापमान गुना एवं खंडवा में रिकार्ड हुआ। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रात के तापमान में गिरावट का सिलसिला बना रह सकता है। दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले तीन दिनों में प्रदेश का मौसम मुख्यत: शुष्क बना हुआ है। वर्तमान में उत्तरी हरियाणा और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट से लेकर उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है।

जो ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड से होकर गुजर रही है। मंगलवार से एक तीव्र आवृति के पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिमी हिमालय में सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि नया पश्चिमी मंगलवार से सक्रिय होगा, लेकिन उसके असर दो दिन बाद दिखाई देखा। हवा का रुख बदलने से रात का तापमान कुछ बढ़ने लगेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी भी होने की उम्मीद है।

छोला दशहरा मैदान में आज सार्वजनिक गोवर्धन महोत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः तेजस जनकल्याण समिति द्वारा 10 नवंबर को ऐतिहासिक छोला दशहरा मैदान में सार्वजनिक गोवर्धन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुदरिया और सचिव वरुण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के लिए विशाल पंडाल बनाया गया है।

महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार शाम चार बजे पांच ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोवर्धन पूजन, महाआरती और विश्व कल्याण की कामना के साथ परिक्रमा से होगा। इसके बाद मथुरा, वृंदावन, इंदौर, जबलपुर और भोपाल के कलाकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजन के 11वें वर्ष में गोवर्धनजी की 11 फीट ऊंची प्रतिमा और विद्युत चालित झांकी



आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रतिमा का निर्माण गाय के गोबर, मिट्टी, भूसे, गंगाजल और सरेस से किया गया है।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय रामनारायण कुदरिया की स्मृति में स्थापित तेजस सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

56 भोग के साथ मनेगा अन्नकूट महोत्सव

कमला नगर के कोटरा स्थित राम मंदिर में 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सहज समाधान शिक्षा समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में 10 क्विंटल गोबर से भगवान गोवर्धन की 21 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई जाएगी। इसके बाद भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि पूजन के बाद क्षेत्र के रहवासी भगवान गिरिराज की परिक्रमा कर देश के जनकल्याण की कामना करेंगे।

पटाखे के विस्फोट से 14 साल के बच्चे की आंख गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त

नप्र, भोपाल :दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान लापरवाही के कारण 14 वर्षीय बच्चे की आंख गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। पटाखे के विस्फोट से उसकी आंख की बाहरी परत फट गई और बारूद के कई कण अंदर तक पहुंच गए। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की आंख की रोशनी लगभग खत्म होने जैसी स्थिति है। उसे रेटिना के ऑपरेशन के लिए दूसरे विशेषज्ञ केंद्र भेजना पड़ेगा।

दीपावली की रात हमीदिया अस्पताल में पटाखों से आंखों में चोट लगने के पांच मरीज पहुंचे थे। इनमें 14 वर्षीय बच्चे की हालत सबसे गंभीर थी। उसकी आंख में खून भर गया था और लेंस भी प्रभावित हुआ था। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस कुबरे के अनुसार, बच्चे की आंख का अंदरूनी हिस्सा खुल गया था। संक्रमण का खतरा कम करने के लिए तत्काल ऑपरेशन किया गया। करीब एक घंटे तक चली सर्जरी में आंख की फटी बाहरी परत को टांकों से बंद किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि आंख के अंदर भी गंभीर नुकसान हुआ है। खून भरने के साथ मोतियाबिंद की स्थिति भी बन गई है। अब रेटिना और आंख के पिछले हिस्से की सर्जरी करनी होगी। फिलहाल रोशनी वापस आने की संभावना के बारे में कुछ कहना मुश्किल है। पांच घायलों में सात साल की बच्ची भी शामिल थी। उसकी आंख में फंसे पटाखे के छोटे कण निकाल दिए गए। एहतियात के तौर पर उसे अस्पताल में भर्ती रखा गया है। अन्य तीन मरीजों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मातम में बदली, त्यौहार की खुशियाँ

सड़क हादसों में दंपती सहित छह लोगों की मौत, तीन घायल

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः दीपावली का त्योहार मनाने हंसी खुशी अपने घर जा रहे कुछ लोग रास्ते में सड़क हादसे में जान गंवा बैठे। तीन दिन के अंदर राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवा दंपती सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। इनमें दो मामलों ने टक्कर मारने वाले वाहनों के चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी की मदद से उनके बारे में सुराग जुटा रही है। दुर्घटनाएं बैरसिया, गुनगा, ईंटखेड़ी, मिसरोद एवं रातीबड़ क्षेत्र में हुईं।

बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम पगरानी जिला विदिशा निवासी 30 वर्षीय मिथुन प्रजापति भोपाल में पत्नी 21 वर्षीय पूजा के साथ रहता था। निजी काम करने वाले मिथुन का छह माह पहले ही विवाह हुआ था। रविवार सुबह दोनों बाइक से दीवाली मनाने के लिए गांव जाने के लिए निकले थे। सुबह लगभग 11 बजे वे लोग करारिया जोड़ के पास पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उसके बाद एक अन्य बाइक को भी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल दंपती एवं दूसरी बाइक पर सवार तरावली खुर्द निवासी गोलू एवं हिम्मत मीणा को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चैक करने के बाद डाक्टर ने मिथुन और पूजा को मृत घोषित कर दिया। गोलू और हिम्मत का उपचार चल रहा है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

बाइक की टक्कर से 12 वर्ष के बालक की मौत

मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक 11 मील चौराहा के पास रहने वाले विनोद प्रजापति निजी काम करते हैं। दीवाली के अवसर पर पूजन करने के लिए रविवार दोपहर वह बाइपास रोड पर बाइक की सर्विसिंग करा रहे थे। साथ में उनका 12 वर्ष का बेटा सौरभ भी था। सौरभ सड़क पर खड़ा था, तभी तेज रफ्तार से आई एक बाइक का चालक उसे टक्कर मारकर भाग निकला। सौरभ को एम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रात ढाई बजे उसकी मौत हो गई।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौतः रातीबड़ थाना क्षेत्र में छोली-झागरिया मोड़ पर रविवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 30 वर्षीय सतीश कोरकू की मौत हो गई। वह ग्राम नादान, जिला सीहोर का रहने वाला था और निजी काम करता था। पुलिस के अनुसार सतीश रविवार को भोपाल से बाइक पर अपने गांव लौट रहा था। दोपहर करीब 1:45 बजे छोली-झागरिया मोड़ के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

ईंटखेड़ी थाना इलाके में शनिवार सुबह गोलखेड़ी चौराहा पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक में पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। उधर गुनगा क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क पर पैदल जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से कार की पहचान करने की कोशिश कर रही है। ईंटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह ग्राम पीपलखेड़ा निवासी 18 वर्षीय विपिन अहिरवार अपने साथी 22 वर्षीय शेरू अहिरवार के साथ बाइक से भोपाल से अपने गांव आ रहे थे। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे गोलखेड़ी चौराहा के स्पीड ब्रेकर पर विपिन ने बाइक की रफ्तार कम की, तभी बैरसिया की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विपिन सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक का के टायर की चपेट में आने से उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि शेरू के सिर एवं शरीर में अन्य स्थानों पर गंभीर चोट लगी।

बुजुर्ग को रौंदकर चालक कार सहित फरार

गुनगा थाना पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम पांच बजे एक बुजुर्ग शाम लगभग भोपाल-बैरसिया रोड स्थित ग्राम निपानिया में चमारी नदी की तरफ से पैदल आ रहा था। इस दौरान सागौनी चौराहा पर ढाबे के पास अज्ञात कार के चालक ने बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। चालक उसे रौंदते हुए कार लेकर भाग निकला। वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चैक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राजधानी की सड़कों पर आज दिखेगा केरल का पारंपरिक बाघ नृत्य

नप्र, भोपाल : केरला फेस्ट-2026 की पूर्व संध्या और मध्य प्रदेश एवं केरल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 10 नवंबर को भोपाल में केरल की पारंपरिक लोककला पुलिकली (बाघ नृत्य) का रोड शो आयोजित किया जाएगा। इसका शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे लालघाटी चौराहे से होगा। रोड शो विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम करीब 6 बजे बिट्टन मार्केट पहुंचेगा। पुलिकली केरल की लगभग 200 वर्ष पुरानी लोककला है। इसमें कलाकार अपने शरीर पर पीले, लाल, काले और सफेद रंगों से बाघ, तेंदुए और चीते की आकृतियां बनाते हैं। पारंपरिक वाद्ययंत्र चेंडा, थकिल और उडुक्कू की थाप पर कलाकार बाघ की तरह उछल-कूद और शिकार करने का अभिनय करते हैं। कलाकारों को शरीर पर रंगों से चित्रकारी करने में चार से पांच घंटे लगते हैं। रोड शो लालघाटी से शुरू होकर वीआईपी रोड, कमला पार्क, न्यू मार्केट, एमपी नगर, हबीबगंज और 10 नंबर मार्केट से गुजरेगा। इसके अलावा 11 नवंबर को केरला फेस्ट-2026 के उद्घाटन समारोह के बाद रात नौ बजे पुलिकली नृत्य की विशेष प्रस्तुति होगी।

माथुर सभा का दिवाली मिलन समारोह 14 को, स्मारिका विमोचन भी

माथुर सभा भोपाल का दिवाली मिलन समारोह 14 नवंबर, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शौर्य स्मारक के सामने स्थित नाइन मसाला रेस्टोरेंट के बगीचे में होगा। सभा के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक अनिल माथुर ने बताया कि समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए सदस्यों की दो बैठकें भी हो चुकी हैं। समारोह में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही गीत-संगीत, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सदस्यों के लिए कई तरह के खेल भी रखे जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सभा के नए पदाधिकारियों का चुनाव भी किया जाएगा।

श्रद्धा भक्ति के साथ मना अहिंसा के प्रणेता प्रभु महावीर का निर्वाण दिवस



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव राजधानी के मंदिरों में श्रद्धा भक्ति आस्था के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने जिनालयों में भगवान महावीर का अभिषेक किया। पूजा अर्चना के साथ निर्वाण लाडू अर्पित किए।

निर्वाण महोत्सव का दिन सोमवार को तब सार्थक हो गया तब वैराग्य पथ पर आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षित युवाओं ने मुनि दीक्षा के लिए आचार्य श्री को श्रीफल भेंट किया। बाल ब्रह्मचारी युवाओं द्वारा 10 प्रतिमा का संकल्प लिया। इस मौके पर आचार्य संघ का भक्ति प्रतिक्रमण के साथ चातुर्मास का भी समापन हुआ।

चातुर्मास समिति के मुख्य संयोजक मनोज बांगा, स्वागत अध्यक्ष अखिलेंद्र जैन ने बताया रानी कमलापति जिनालय हबीबगंज में आचार्य समय सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में अष्ट द्रव्य से प्रभु महावीर की आराधना के साथ जयकारों के साथ निर्वाण लाडू अर्पित किए। इस अवसर पर आचार्य श्री ने कहा जीवन में निर्माण करना बहुत सरल है,पर बिरले पुण्यशाली होते हैं, जो अनंत जन्मों के बाद आत्म साधना, आत्म सिद्धि, आत्म कल्याण कर निर्वाण को प्राप्त होते हैं। निर्वाण प्राप्ति के लिए मोह को पछाड़ना होगा। प्रतिभा स्थली की बहनों, ब्रह्मचारी भइया, त्यागी व्रती प्रतिमाधारियों के साथ ही मंदिर समिति के अध्यक्ष विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना की। समाज के अध्यक्ष पंकज सुपारी, राजेश कोयला, राकेश ओएसडी, देवेंद्र रुचि, मनोज एमके भारत, आदिश, अरविंद रोडवेज सहित अनेक लोग मौजूद थे। समिति के पदाधिकारी विनोद चौधरी अनुपम ने बताया आचार्य श्री को दीक्षा हेतु निवेदन कर संघ में प्रवेश करने वाले राजधानी भोपाल के ब्रह्मचारी अमित भैया 40 वर्षीय एम कॉम ब्रह्मचारी व्रत 2016 में लेकर अपना जीवन मोक्ष मार्ग की और प्रशस्त किया। प्रवक्ता सुनील जैन जैनाविन एवं अंशुल जैन ने बताया कि ब्रह्मचारी अंकित भैया जबलपुर शिक्षा एम टेक, एम एड तथा टाटा कंसल्टेंसी में उच्च पद का त्याग, बाल ब्रह्मचारी आशीष भैया पनागर एम बी ए, डी एम आई, एम पी पी एस शिक्षित और प्राध्यापक की सेवा का त्याग किया बाल ब्रह्मचारी 19 वर्षीय सक्षम भइया बागीदौरा राजस्थान है।

वही दूसरी ओर श्री शांति नाथ जिनालय में उपाध्याय विश्रुत सागर महाराज के सानिध्य में मूल नायक भगवान शांतिनाथ का अभिषेक पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए भक्तों ने निर्वाण लाडू अर्पित किए, मंदिर समिति प्रवक्ता सौरभ इंजीनियर ने बताया आचार्य विराग सागर महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष निर्मल टीआई, अजय ज्योतिष, विनोद रेडिमेड, सुनील पब्लिशर, मनोज बबलू, संजय भागत, अतुल मोदी मौजूद थे।

नाली में पटाखा फोड़ने से उछल रहा था कीचड़ रोका तो बेटे को मार डाला, मां की हालत गंभीर

इब्राहिमगंज में दीपावली की रात हुई वारदात, दो गिरफ्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली की रात इब्राहिमगंज में नाली में पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद ने इतना तूल पकड़ा की आधा दर्जन लोगों ने एक युवक की हत्या कर दी। बेटे को बचाने आई मां को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चार आरोपी फरार हैं। उधर मंगलवार दोपहर के समय अंतिम संस्कार के लिए जाते समय पीड़ित पक्ष के लोगों के अर्थी सड़क पर रखकर आरोपियों के घर तोड़ने की मांग को लेकर कुछ देर के लिए प्रदर्शन भी किया। जांच में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच नवरात्र पर्व में डीजे बजाने को लेकर भी विवाद हुआ था। उनके बीच तभी से रंजिश शुरू हो गई थी।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक इब्राहिमगंज निवासी 25 वर्षीय अनिकेत खटीक दवा बाजार में काम करता था। साथ ही पिता के अनाज के कारोबार में भी मदद करता था। उसके घर के सामने रहने वाले प्रेम बस्तवार से उसकी एक माह पहले से रंजिश चल रही थी। रविवार रात को लगभग 10 बजे प्रेम अपने साथी अमन रैकवार, आदित्य और अन्य के साथ गली में पटाखे फोड़ रहा था। इस दौरान वे लोग पटाखा जलाकर नाली में फेंक रहे थे। इससे धमाका होने के साथ नाली से कीचड़ भी उछल रहा था। जिसके छींटे अनिकेत के घर की दीवार और छत के ऊपर तक जा रहे थे। अनिकेत की मां उस समय छत पर खाना खा रही थी।

थाली में कीचड़ के छींटे जाने पर अनिकेत की मां ने नीचे जाकर लड़कों को फटकार लगाना शुरू कर दी। शोर सुनकर अनिकेत बाहर निकला, तो प्रेम और उसके साथी विवाद करने लगे। इस पर उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान आदित्य ने चाकू निकालकर अनिकेत की जांघ में घोंप दिया। बेटे को बचाने मां आगे आई तो युवकों ने उन पर चाकू से वार कर दिया और वहां से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सोमवार तड़के अनिकेत की मौत हो गई। उसकी मां का इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने प्रेम बस्तवार और आदित्य को गिरफ्तार कर लिया है। फरार शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

चलती बाइक से युवती की कमर पर थपकी देकर भागा मनचला गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः कटारा हिल्स थाना इलाके में घर के पास टहल रही युवती की कमर पर बाइक चलाते हुए एक मनचले ने थपकी मार दी। विरोध करने पर वह अश्लील फब्ती कसते हुए भाग निकला। युवती ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने युवक की तलाश करने के लिए लगभग 50 कैमरों के फुटेज खंगाल। अंतत: संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने वारदात करना कबूल कर लिया।

कटारा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली एक युवती चार नवंबर की रात लगभग आठ बजे गौरीशंकर परिसर के पास सीएम राइज स्कूल के पास टहल रही थी। इस दौरान बाइक चलाकर आया एक युवक उसकी कमर में थपकी मारते हुए चला गया। युवती ने विरोध करते हुए उससे रुकने को

50 सीसीटीवी के फुटेज खंगालकर पुलिस ने खोज निकाला

बोला, तो वह अश्लील कमेंट्स करते हुए चला गया। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने मनचले की तलाश शुरू की।

इस दौरान क्षेत्र में सड़क पर और अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज बारीकी से देखे गए। साथ ही मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। अंतत: एक फुटेज से मिले हुलिए के आधार पर 48 घंटे के अंदर दीनदयाल पार्क के पास मुख्य मार्ग से एक संदेही युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। अरोपी की पहचान ग्राम बर्राई निवासी 23 वर्षीय अभिषेक उईके के रूप में हुई। गिरफ्तार करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

महोत्सव *गौ संवर्धन के संदेश के साथ ...*

प्रभु श्रीनाथजी को लगा 125 तरह के व्यंजनों का अन्नकूट

नईदुनिया प्रतिनिधि भोपालः लखेरापुरा स्थित प्राचीन श्रीजी का मंदिर में सोमवार को गो संवर्धन के संदेश के साथ प्रभु श्रीनाथ जी को 125 तरह के व्यंजनों का भोग लगाकर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। साथ ही गोवर्धन पूजा भी की गई।

मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रभु श्रीनाथ जी राजभोग के बाद गोवर्धन पूजन करने आंगन में पधारे। इसमें गोबर का गोवर्धन बनाया गया। मुखिया जी ने दूध, दही, इत्र, रोली एवं हल्दी से पूजा की और कुंडवारे का भोग लगाया। तत्पश्चात गो माता की पूजा की और परिक्रमा की। उसके बाद प्रभु चांदी की पालकी में विराजमान होकर वापस निज मंदिर में पधारे। प्रभु को विशेष तौर पर गोकर्ण गाय के जैसे कपड़े के कान सिर पर पहनाए, जिससे प्रभु गौमाता को रिझाते है फिर प्रभु को अन्नकूट का भोग लगाया गया। अन्नकूट मतलब अन्न का पर्वत ऐसा माना जाता है कि जब श्री कृष्ण ने गोवर्धन की पूजन की थी तो



ब्रजवासी अपने घर से अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाकर लाए थे और प्रभु को भोग लगाया था। इसीलिए अन्नकूट हुआ। प्रभु श्री कृष्णा ने गोवर्धन पूजन कर एक संदेश दिया कि सबको मिलजुल प्रेम में रहना चाहिए। मंदिर में प्रभु को अलग-अलग तरह के व्यंजन का भोग लगा। जिसमें विशेष तौर पर चावल के 85 किलो का गिरिराज बनाया गया। भटे की सब्जी, मेथी की सब्जी, मोहनथाल, मठरी, खरमडा, दूध पुआ, काजू कतली, दही थारा आदि। विशेष बात यह है कि प्रभु के भोग के लिए सामग्री मुखिया परिवार के सदस्य बनाते हैं और बाहर से कोई हलवाई को नहीं बुलाया जाता है। क्योंकि प्रभु श्रीनाथ जी के भोग में विशेष स्वच्छता, शुद्धता एवं पवित्रता का ध्यान रखा जाता है। पूजन उपरांत आरती के बाद वैष्णव जन में प्रसाद वितरण किया गया। श्रीजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव प्राचीन ब्रज की रीत अनुसार 266 वर्ष से निरंतर किया जा रहा है।